**SA-I (CLASS-VI)** 9/2012

**विषय : हिन्दी**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

(खण्ड-क)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

'पर्यावरण' से हमारा तात्पर्य हमारे आस-पास के जल, वायु, आकाश और वातावरण से है। यदि पर्यावरण बिगड़ गया तो हमारे आस-पास दुःख, कष्ट और रोग आ जाएँगे। यदि पर्यावरण शुद्ध होगा तो हमारा तन-मन स्वस्थ, प्रसन्न और सुखी रहेगा। प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे पर्यावरण से सभी चिंतित हैं। आखिर कौन बिगाड़ रहा है पर्यावरण को? इस पर्यावरण को हम ही बिगाड़ रहे हैं। पर्यावरण की शुद्धता शुद्ध जल, शुद्ध वायु, शुद्ध आकाश और शुद्ध मिट्टी पर निर्भर है। यही सब मानव जीवन के आधार हैं। इन्हीं से हमारा अस्तित्व है। आज जनसंख्या तेज़ी से बढ़ रही है। लोगों को रहने के लिए और सिर छुपाने के लिए जगह चाहिए। घर के लिए भूमि चाहिए। जंगल कटते जा रहे हैं। प्राकृतिक जल स्रोत घटते जा रहे हैं। उद्योग-धंधों के बढ़ने से कारखानों का बचा कूड़ा-कचरा जहाँ-तहाँ फेंका जा रहा है। यही कारण है कि पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है।

(क) पर्यावरण से आप क्या समझते हैं? (1)

(ख) स्वच्छ पर्यावरण ही मानव जीवन का आधार है कैसे? (1)

(ग) दिनोंदिन बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के क्या कारण हैं? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

जीवन धन सूरज की किरणें, वन-उपवन सूरज की किरणें।
सागर से भाप बनाती हैं, बादल के रूप सजाती हैं।
धरती पर पुष्प खिलाने को, रिमझिम बूँदे बरसाती हैं।
आँखों में ज्योति जगाती हैं, जगमग प्रकाश फैलाती हैं।
वृक्षों में हरियाली रचने, वन-उपवन को महकाती हैं।
दिन निकाले, भोर जगाती, चंदा तक को चमकाती हैं।
खिड़की से अंदर आती हैं, सोते को सदा जगाती हैं।
कर्त्तव्यनिष्ठ सेवक सरल सूरज, से हमें मिलाती हैं।

(क) सूरज की किरणें वर्षा लाने में कैसे सहायक सिद्ध होती हैं? (1)

(ख) सूरज की किरणें वन-उपवन पर क्या उपकार करती हैं? (1)

(ग) सूरज की किरणों का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? (1)

प्र3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए:

(क) जीवन में कंप्यूटर का महत्त्व (6)

(ख) मेरा प्रिय खेल

(ग) रंग-रंगीला देश हमारा

प्र4. आपकी छोटी बहन सारा दिन टी.वी. देखकर समय व्यर्थ करती है। उसे 'समय के सदुपयोग' के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए। (4)

अथवा

पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र होती हैं। पुस्तकालय का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्र5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :-

(क) अंतःस्थ व्यंजन लिखिए। (1)

(ख) निम्नलिखित शब्दों के स्रोत के आधार पर शब्द-भेद लिखिए :- (2)
छत्र, पत्थर, टेलीफ़ोन, हस्त

(ग) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :- (2)
जलज, गृह

(घ) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)
कायर, सभ्य

(ङ) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)
(i) जहाँ जाया न जा सके
(ii) अच्छे आचरण वाला

(च) दिए गए शब्दों के कोई दो भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए :- (2)
अर्थ, कर

प्र6. (क) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद बताइए :- (1)
<u>पक्षी</u> ऊँची व लंबी <u>उड़ान</u> द्वारा आकाश की सीमा को पाना चाहते हैं।

(ख) दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए :- (1)
गहरा, लाल

(ग) दिए गए शब्दों के लिंग बताइए :- (1)
हीरा, लिखावट

(घ) रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :- (1)
बच्चों ने <u>प्रश्न</u> का उत्तर लिखा।

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में कारक-चिह्न रेखांकित करके भेद बताइए :- (2)
(i) राहुल पेंसिल से चित्र बना रहा है।
(ii) यह मानसी की घड़ी है।

(च) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करके भेद बताइए :- (2)
(i) यह पत्र किसका है?
(ii) दूध में कुछ पड़ा है।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए :- (2)
(i) मोहन उछलता कूदता आ रहा था
(ii) अरे तुम कब आए

## (खण्ड-ख)

प्र7. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(क) वह चिड़िया जो
कंठ खोलकर
बूढ़े वन-बाबा की खातिर
रस उँडेलकर गा लेती है

यह छोटी मुँहबोली चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे विजन से बहुत प्यार है।

(i) चिड़िया ने 'बूढ़े बाबा' किसे कहा और क्यों? (2)

(ii) चिड़िया को जंगल क्यों अच्छा लगता है? (1)

(iii) कवि ने चिड़िया को मुँहबोली क्यों कहा है? (1)

(iv) इन पंक्तियों से कवि मनुष्य को क्या सीख देना चाहते हैं? (1)

(ख) गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों-जड़ा;
सिर्फ मुँह खोले हैं अपना
गोरा-चिट्टा
गोल-मटोल,
अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।
आप कुछ तिरछे नज़र आते हैं जाने कैसे
- खूब हैं गोकि!

(i) लड़की ने चाँद की पोशाक किसे समझा और क्यों? (1)

(ii) चाँद के लिए कवि ने किन विशेषणों का प्रयोग किया है? (1)

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं? (1)

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(i) 'चाँद-से थोड़ी-सी गप्पें' कविता के आधार पर बताइए कि लड़की स्वयं को समझदार क्यों समझती थी? (2)

(ii) चिड़िया को अनाज क्यों अच्छा लगता है? (1)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(क) उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते। अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? कितने होंगे? क्या खाते होंगे? उनमें से बच्चे किस तरह निकल आएँगे? बच्चों के पर कैसे निकलेंगे? घोंसला कैसा है? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं। न अम्माँ को घर के काम-धंधों से फुरसत थी, न बाबू जी को पढ़ने-लिखने से। दोनों बच्चे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे दिया करते थे।

(i) बच्चों को खाने-पीने की सुध क्यों नहीं रहती थी? (1)

(ii) दोनों बच्चे आपस में ही सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे? (2)

(ख) मैं डॉक्टर साहिब का कहा दोहरा देती - कुछ देर पहनोगी तो ऐनक उतर जाएगी। वैसे डॉक्टर साहिब ने पूरा आश्वासन दिया था, लेकिन चश्मा अब तक नहीं उतरा। नंबर बस कम ही होता रहा। मैं अपने-आप इसकी ज़िम्मेवार हूँ। जब आप दिन की रोशनी को छोड़कर रात में टेबल लैंप के सामने काम करेंगी - तो इसके अलावा और क्या होगा!

(i) डॉक्टर साहिब के कहने पर लेखिका चश्मा लगाने को तैयार क्यों हो गई? (1)

(ii) लेखिका को चश्मा क्यों लगा? (2)

प्र9. (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए :- (3x2=6)

(i) 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' इस वाक्य द्वारा लेखिका क्या कहना चाहती हैं? 'बचपन' पाठ के आधार पर बताइए।

(ii) 'नादान दोस्त' पाठ के आधार पर बताइए कि केशव और श्यामा ने कार्निस पर अंडों के लिए क्या-क्या प्रबंध किए और क्यों?

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (2x3=6)

(i) माँ मोहन के 'ऐसे-ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रही थीं? उन्होंने उसके उपचार के लिए क्या किया?

(ii) 'बचपन' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका शनिवारी दवा किसे कहती थीं और क्यों?

(iii) मोहन के पेट दर्द का असली कारण किसने और क्या बताया?

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (2)

सहल, फ़ैसला, अधीर, यकायक

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- (2)

विश्वास, रौनक

प्र11. (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए : (3x3=9)

(i) 'रधिया की बुलबुल' कहानी के आधार पर बताइए कि रधिया ने अपनी बुलबुल सरदार चाचा को क्यों दी?

(ii) 'छुन-छुन-छुन' कहानी में बच्चों ने छुन-छुन-छुन की आवाज़ सुनकर क्या-क्या अनुमान लगाए?

(iii) 'उपहार' कहानी के आधार पर बताइए कि राजू ने बाबा को क्या दिया और क्यों?

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :- (1x3=3)

(i) रधिया अपनी मित्र के साथ कहाँ खेलना पसंद करती थी?

(ii) राधिका की माताजी अस्पताल क्यों गईं थीं?

(iii) बाबा अपने थैले में क्या ढूँढ रहे थे?